गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्र. 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर - 495009 (छ.ग.)

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University Established by the Central Universities Act 2009 No. 25 of 2009)
Koni, Bilaspur – 495009 (C.G.)

सात दिवसीय विशेष शिविर

Organized by : राष्ट्रीय सेवा योजना गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Collaborating Agency : ग्राम पंचायत तेन्दु भाटा

Date of Extension Activity : **12-3- 2019 - 18-3-2019**

Venue : तेन्दु भाटा

A Brief Abstract of the Event (Maximum 500 Words):

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, कला अध्ययनशाला इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर विश्वविद्यालय के द्वारा लिया गया गोद्ग्राम तेन्दु भाटा के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में 12 मार्च से 18 मार्च 2019 तक आयोजित किया गया। इस शिविर में 78 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया ! शिविर के शुरुआत में हीं विभिन्न गतिविधियों को सुचारु रूप से करने के लिए स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों मसलन वल्लभभाई पटेल समूह, टैगोर समूह, महात्मा गांधी और आज़ाद समूह आदि में विभाजित कर कार्य का विभाजन कर दिया गया, जो कि प्रतिदिन परिवर्तनशील होता था। प्रतिदिन सुबह में स्वयंसेवकों के द्वारा गोद ग्राम में प्रभात फेरी निकाली जाती तथा व्यायाम - योग के साथ सूर्यनमस्कार कराया जाता था।इसके बाद सभी स्वयंसेवकों के द्वारा गांव निरीक्षण हेतु रैली निकाली जाती, जहां गांव की समस्याओं और सुविधाओं का सर्वेक्षण किया जाता ताकि विशेष शिविर के दौरान समस्याओं का निदान किया जा सके। इसी कड़ी में स्वयंसेवकों के द्वारा "फाइनेंशियल लिटरेसी" एवं "स्वच्छता विषय" पर सर्वे किया गया ! परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों के द्वारा विद्यालय परिसर में सोख्ता गड्ढा का निर्माण, विद्यालय परिसर की साफ सफाई, मेडिकल कैंप का आयोजन, स्कूल में बच्चों को मौलिक और किताबी ज्ञान देने.. इत्यादि कार्य किया गया ! बौद्धिक परिचर्चा के दौरान स्वयंसेवकों के लिए "ग्रामीण विकास के लिए युवा" 'स्वच्छ भारत- स्वस्थ मानस' "वित्तीय साक्षरता एवं साख समाधान केंद्र" "वृक्षों की महत्ता" एवं "राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल अर्थ" तथा "बेहतर जीवन जीने की कला" इत्यादि सामाजिक महत्व के विशेष विषयों पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं विषय विशेषज्ञ के द्वारा आयोजित किया गया ! प्रतिदिन शाम को स्वयंसेवकों के लिए रासेयो आधारित पारंपरिक खेल "कितने भाई कितने" एवं "राम-रावण" इत्यादि का आयोजन किया गया ! रात्रि भोजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिवरार्थियो के समस्त समूहों द्वारा अपनी रोचक प्रस्तुति दी जाती थी, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष गीतों, नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति गीत, पारंपरिक क्षेत्रीय नृत्य आदि का प्रदर्शन किया जाता था। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का नेतृत्व एवं प्रतिदिन निरीक्षण का कार्य कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बृजेश तिवारी के द्वारा किया गया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों का पथ प्रदर्शन इकाई के कार्यक्रम अधिकारीयों डॉ मनीष त्रिपाठी और डॉ रमेश गोहे द्वारा किया गया।

Summary Sheet

Date (DD-MM-YYYY)	Details of Extension Activity Carried out	Name(s) of Accompanying Faculty Member(s)	Number of Participants
12-03-2019	विद्यालय परिसर में सोख पीठ का निर्माण	डॉ मनीष त्रिपाठी	15
13 -03-2019	विद्यालय परिसर की साफ सफाई,	डॉ रमेश गोहे	15
14-03-2019	मेडिकल कैंप का आयोजन	डॉ मनीष त्रिपाठी ,डॉ रमेश गोहे	50
15-03-2019	स्कूल में बच्चों को मौलिक और किताबी ज्ञान देना	डॉ रमेश गोहे	20
16-03-2019	नुक्कड़ नाटक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ	डॉ रमेश गोहे	20
17-03-2019	स्वच्छता जागरूकता रैली	डॉ मनीष त्रिपाठी ,डॉ रमेश गोहे	78

सात दिवसीय विशेष शिविर

विद्यालय परिसर में सोख पीठ का निर्माण

विद्यालय परिसर में सफाई

विद्यालय परिसर में मेडिकल कैम्प का आयोजन

स्कूल में बच्चों को मौलिक और किताबी ज्ञान देना

नुक्कड़ नाटक

स्वच्छता जागरूकता रैली

कार्यक्रम समन्वयक
Programme Coordinator
रा.से.यो. प्रकोष्ठ/N.S.S. Cell
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
बिलासपुर (छ.ग.)/Bilaspur (C.G.)